विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-4402

दिनांक 02.04.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

पश्चिम एशिया संकट और नागरिकों की सुरक्षा

4402 श्रीमती किरण चौधरी:
डा. परमार जशवंतसिंह सालमसिंहः
श्री उज्जवल देवराव निकमः
श्री केसरीदेवसिंह झालाः
श्री बृज लालः
श्री बाबू राम निषादः
श्रीमती माया नारोलियाः
श्री नरहरी अमीनः
श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाणः

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मार्च, 2026 तक पश्चिम एशिया क्षेत्र से निकाले गए भारतीय नागरिकों की संख्या कितनी है;
(ख) ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में आवधिक परामर्श प्रणाली ने किस प्रकार सहायता की है;
(ग) व्यापारिक जहाजों पर हाल ही में हुए हमलों के बाद भारतीय नाविकों की सुरक्षा के लिए कौन-से विशिष्ट कूटनीतिक कदम उठाए गए हैं;
(घ) क्या खाड़ी देशों में भारतीय नागरिकों के लिए एक समर्पित 24/7 आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की गई थी;
(ड) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) नौवहन महानिदेशालय के साथ सहयोग ने भारतीय नाविकों के लिए सुरक्षा नयाचार में किस प्रकार सुधार किया है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री कीर्तवर्धन सिंह]

(क से च) पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के बीच, सरकार ने 25 मार्च 2026 तक इन क्षेत्रों से वाणिज्यिक उड़ानों द्वारा 4.75 लाख से अधिक भारतीय नागरिकों की भारत यात्रा की सुविधा प्रदान की है।

पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति और ईरान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए, तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने जनवरी 2026 से अनेक परामर्शी जारी की हैं। इन परामर्शी ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रसारित करने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे भारतीय नागरिक संपर्क में बने रह सके और सभी उपलब्ध परिवहन के साधनों से ईरान छोड़ने की सलाह दी गई। जिसके परिणामस्वरूप, पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले लगभग 800 भारतीय छात्र ईरान छोड़कर भारत लौट आए। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास द्वारा 3, 9 और 16 मार्च, 2026 को जारी किए गए अद्यतन परामर्शों में तेहरान में रह रहे भारतीय छात्रों को तेहरान से बाहर स्थानांतरित करने के लिए सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं और छात्रों, तीर्थयात्रियों, अल्पकालिक आगंतुकों आदि सहित भारतीय नागरिकों के लिए भूमि सीमाओं के माध्यम से ईरान छोड़ने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद कई और भारतीय छात्रों और तीर्थयात्रियों को ईरान से प्रस्थान करने में सहायता प्रदान की गई।

विदेश मंत्रालय और क्षेत्र में स्थित भारतीय दूतावास और कोंसलावास प्रभावित देशों के स्थानीय अधिकारियों, जैसे पत्तन अधिकारियों, तटरक्षक बलों, पोत परिवहन एजेंसियों और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर भारतीय नाविकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए निरंतर समन्वय कर रहे हैं। भारतीय दूतावास और कोंसलावास प्रभावित जलयानों पर तैनात भारतीय चालक दल के सदस्यों के साथ लगातार संपर्क में हैं, भारत में उनके परिवारों से संपर्क स्थापित करने में सहायता कर रहे हैं और यात्रा विकल्पों पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं, जिसमें उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों से सीमा पार आवागमन के लिए पारगमन वीजा की सुविधा भी शामिल है।

पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्रों में स्थित भारतीय दूतावासों और कोंसलावास ने भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए 24x7 आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर स्थापित किए हैं। विदेश मंत्रालय ने स्थिति पर नज़र रखने, प्रभावित भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों के प्रश्नों का उत्तर देने और आपातकालीन मामलों में भारतीय दूतावासों और कोंसलावास के साथ रियल टाइम समन्वय स्थापित करने के लिए एक विशेष नियंत्रण कक्ष भी बनाया है। 26 मार्च 2026 तक, विशेष नियंत्रण कक्ष ने 1112 फोन कॉल और 265 ईमेल का जवाब दिया है। भारतीय दूतावासों और विदेश मंत्रालय द्वारा जारी 24x7 आपातकालीन हेल्पलाइन का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

भारतीय नाविकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय, पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के नौवहन महानिदेशालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। बचाए गए नाविकों की सुरक्षित वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय और मृत भारतीय नाविकों से संबंधित अन्य औपचारिकताओं के रूप में सभी प्रकार की सहायता भारतीय दूतावासों और कोंसलावास द्वारा जारी है, साथ ही नौवहन महानिदेशालय को इस मामले की निरंतर जानकारी दी जा रही है।

अनुबंध- I

विदेश मंत्रालय के विशेष नियंत्रण कक्ष के साथ-साथ पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में भारतीय दूतावासों और कौंसलावासों द्वारा जारी 24x7 आपातकालीन हेल्पलाइनों का विवरण

देश का नाम	**विदेश मंत्रालय और भारतीय मिशनों के कंट्रोल रूम और 24x7 इमरजेंसी हेल्पलाइन का विवरण**
विदेश मंत्रालय मुख्यालय	1800118797 (टोल फ्री) +91 11 2301 2123 +91 11 2301 4104 +91 11 2301 7905 ईमेल: situationroom@mea.gov.in
बहरीन	+973 39418071 +973 38400433
ईरान	+98 9128109115 +98 9128109102 +98 9128109109 +98 9932179359 ईमेल cons.tehran@mea.gov.in
इराक	+964 7716511185 +964 7704444899 (अरबी) ईमेल: cons.baghdad@mea.gov.in Cons1.baghdad@mea.gov.in pol.baghdad@mea.gov.in
इज़राइल	+972 547520711 +972 542428378 ईमेल: cons1.telaviv@mea.gov.in
जॉर्डन	+962 770422276 +962 786440990
कुवैत	+965 65501946 ईमेल: community.kuwait@mea.gov.in
लेबनान	+961 76860128

	ईमेल: cons.beirut@mea.gov.in
ओमान	8007 1234 (टोल फ्री) +968 9828 2270 (व्हाट्सएप) ईमेल: cw.muscat@mea.gov.in cons.muscat@mea.gov.in
फिलिस्तीन	+970 592916418 ईमेल: repoffice@mea.gov.in Cons.ramallah@mea.gov.in
कतर	+974-55647502 +974 55362508 +974 55384683 ईमेल: cons.doha@mea.gov.in
सऊदी अरब और यमन (ईओआई, रियाद को *यमन से भी मान्यता मिली है)*	रियाद 800 247 1234 (टोल फ्री) +966 114884697 +966-542126748 (व्हाट्सएप) ईमेल: cw.riyadh@mea.gov.in जेद्दा 800 244 0003 (टोल फ्री) +966 556122301 +966 126648660 +966 122614093 +966 536209704 (व्हाट्सएप) ईमेल: conscw.jeddah@mea.gov.in , vclab.jeddah@mea.gov.in
सीरिया	+963 993385973 ईमेल: cons.damascus@mea.gov.in
संयुक्त अरब अमीरात	800 46342 (टोल फ्री) +971 543090571 ईमेल: pbsk.dubai@mea.gov.in ca.abudhabi@mea.gov.in

*****